कैंपस चयन प्रक्रिया में ही मिल रहा शानदार पैकेज

- सीआईएमपी में 34 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ अभी कई कंपनियों का आना बाकी

पटना, मुख्य संवाददाता। राजधानी के प्रबंधन संस्थानों में सत्र 2020 - 22 के छात्र-छात्राओं के कैंपस चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आरंभिक चयन प्रक्रिया में ही चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट कर चुके कुल 34 छात्र-छात्राओं का शानदार पैकेज पर चयन हो चुका है। संस्थान के एक छात्र को अधिकतम साढ़े आठ लाख का सालाना पैकेज मिला है। अन्य छात्र-छात्राओं का चयन साढ़े छह लाख के पैकेज पर हुआ है।

अभी आईसीआईसीआई में संस्थान के अधिकतर छात्रों का चयन हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने बताया कि कई कंपनियों को कैंपस में आना बाकी है। परिणाम और भी बेहतर होंगे। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार ने बताया कि पिछले 14 सालों से संस्थान के छात्रों के शत प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट का शानदार रिकॉर्ड रहा है। निदेशक डॉ. राणा सिंह ने बताया कि संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. जूली बनर्जी ने छात्रों के विकास के लिये विशेष प्रशिक्षण वर्ग संचालित कर कैंपस चयन के लिये तैयार किया है।

Hindustan ! Page No - 09 !
Date - 20-09-2022 !